श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द

श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द

ऐसे शब्द जो सुनाने में एक जैसे लगते हैं लेकिन उनके अर्थ अलग- अलग होते हैं **श्रुतिसमभिन्नार्थक** शब्द कहलाते हैं।

जैसे:

उतर: (उतरना) वह सीढ़ियों से उतर रहा है।

उत्तर: (जवाब) तुम्हारे पाँच उत्तर सही हैं।

दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों को ध्यान से पढ़िए:

- मोहिता और अंशु स्कूल की ओर जा रही हैं।
- उन स्त्रियों ने ऊन खरीदी।

बच्चों हिंदी में कुछ शब्द ऐसे भी होते हैं, जो सुनने में एक**-जैसे** लगते हैं। जैसे: ऊपर के वाक्यों में और व ओर तथा उन व ऊन ऐसे ही शब्द हैं। इन शब्दों का अर्थ एक-सा नहीं होता। ऐसे शब्द सुनने में भले ही एक जैसे लगें, परंतु उनमें एकाध मात्रा या अक्षर का अंतर अवश्य रहता है।

उदाहरण:

उतर – (उतरना): वह सीढ़ियों से उतर रहा है।

उत्तर – (जवाब, एक दिशा का नाम): (क) तुम्हारे पाँच उत्तर सही हैं। (ख) हिमालय भारत के उत्तर में है।

गाड़ी – **(एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने वाले यातायात के साधन) जैसे- रेल, ट्रक, आदि):** हम रेलगाड़ी द्वारा मुंबई जा रहे हैं।

गाढ़ी – (घनी): आज खीर कुछ गाढ़ी हो गई।

शब्द	अर्थ	वाक्य में प्रयोग
पता	किसी का स्थान या ठिकाना	पारुल के पत्र पर पता ठीक नहीं लिखा था।
पत्ता	किसी पेड़-पौधे का पत्ता	पेड़ के पत्ते हरे हैं।
मेला	किसी विशेष त्योहार पर लगा हुआ बाज़ार	दशहरे के दिन मेला लगता है।
मैला	गंदा	उसका कुरता मैला है।
पीट	पीटना	भीड चोर को पीट रही थी।
पीठ	कमर	पढ़ते समय पीठ सीधी रखो।
पिला	पिलाना क्रिया	थोड़ा पानी पिला दो।
पीला	एक रंग	सूरजमुखी का फूल पीला है।
समान	बराबर	कानून की नज़र में सब समान हैं।
सामान	सामग्री या पदार्थ	यह सामान मेरा है।
शोक	दुख	निपुण के निधन पर घर में शोक छा गया।
शौक	चाव	मुझे चित्र बनाने का शौक है।
बाग	उपवन	बाग में फूल खिले हुए हैं।
बाघ	एक पशु	बाघ जंगल में रहता है।
पूछ	पूछना	राहुल का पता साहिल से पूछ लो।
पूँछ	किसी पशु की दुम	कुत्ता पूँछ हिलाता है।